प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 340 सोमवार 01 दिसम्बर, 2025 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

## विपक्ष ने दिल्ली ब्लास्ट, एसआईआर जैसे कई मुद्दे उठाए



नई दिल्ली,30 नवम्बर (एजेंसी) संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक बुलाई. शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होने वाला है मीटिंग रविवार सुबह 11 बजे शुरू हुई. संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा और 19 दिसंबर तक चलेगा.

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के दोनों सदनों के नेताओं से मुलाकात की. केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, जेपी नड्डा और दूसरे बड़े नेताओं ने ऑल-पार्टी मीटिंग में हिस्सा लिया. रिजिजू ने कहा कि वे विपक्षी नेताओं की बात सुनेंगे.

रिजिजू ने कहा, आज एक ऑल-पार्टी मीटिंग है. हम सभी पार्टियों के नेताओं के साथ बैठेंगे और उनकी बात सुनेंगे. हम आज सरकार की तरफ से ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे. हम विपक्षी पार्टियों की बात सुनेंगे. शाम को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग है. लोकसभा की मीटिंग शाम 4 बजे है और राज्यसभा की शाम 5 बजे हम कमेटी की मीटिंग में अपना बिजनेस पेश करेंगे.उन्होंने कहा, क्योंकि यह शीतकालीन सत्र है हम उम्मीद करते हैं कि हर कोई ठंडे दिमाग से काम करेगा और तीखी बहस से बचेगा. पार्लियामेंट में बहस होगी, और मुझे उम्मीद है कि कोई गड़बड़ी नहीं होगी. अगर हम ठंडे दिमाग से काम करेंगे, तो यह देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सत्र आसानी से चलेगा.

ऑल पार्टी मीटिंग में सीनियर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव, एआईएडीएमके के सांसद एम थंबी दुरई और दूसरे नेताओं ने हिस्सा लिया.ऑल-पार्टी मीटिंग के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा ,शीतकालीन सत्र सिर्फ 19 दिन का है. इसमें से सिर्फ 15 दिन ही चर्चा हो पाएगी. यह शायद अब तक का सबसे छोटा विंटर सेशन होगा. इसलिए, ऐसा लगता है कि सरकार खुद पार्लियामेंट को पटरी से उतारना चाहती है. हमने सिक्योरिटी का मुद्दा उठाया, जिस पर चर्चा होनी चाहिए.दिल्ली में हुआ धमाका, कुछ मायनों में, हमारे लीगल और होम अफेयर्स डिपार्टमेंट की नाकामियों का सबूत है. दूसरा है डेमोक्रेसी की सिक्योरिटी. वोटर लिस्ट की सिक्योरिटी और इलेक्शन सिक्योरिटी पर चर्चा होनी चाहिए. हमारी तीसरी मांग हमारी हेल्थ की सिक्योरिटी थी, जिस तरह से देश के हर कोने में एयर पॉल्यूशन बढ़ रहा है.चौथा मुद्दा हमारी इकोनॉमिक सिक्योरिटी थी. पांचवां मुद्दा जो हमने उठाया वह नेचुरल सिक्योरिटी था. जिस तरह से बाढ़, लैंडस्लाइड और तूफान आ रहे हैं उसकी कोई तैयारी नहीं है. हमने अपनी फॉरेन पॉलिसी का मुद्दा भी उठाया, जिसे हम देख रहे हैं कि इंडिया दूसरे देशों के हिसाब से अपनी फॉरेन पॉलिसी बना रहा है. ऐसा लगता है कि मौजूदा सरकार पूरे पार्लियामेंट्री डेकोरम को दफना रही है. उसे पटरी से उतार रही है. इंडियन डेमोक्रेसी की इस परंपरा की कब्र खोद रही है. और इसलिए सभी विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे पर एकजुट हैं कल खड़गे जी के साथ हमारी सभी पार्टियों की मीटिंग होगी.कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, जब देश का लोकतंत्र खतरे में हो, लोकतंत्र की हत्या की जा रही हो, वोट चोरी नहीं अब तो डकैती हो रही है तो ये मुद्दा उठेगा. देश के अन्य हिस्सों में आंतकी गतिविधियां तो अपनी जगह पर दिल्ली में जब ब्लास्ट होने लगे, केंद्र शासित प्रदेश से चलकर दिल्ली के लाल किले पर जब विस्फोट किया जाए या बहाली का मुद्दा हो, फिर जम्मू-कश्मीर के लोकतांत्रिक अधिकारों का हो और पीएम मोदी की विदेश नीति उतनी भटक गई है जितना मोदीजी भटक गए हैं. ये सारे मुद्दे उठेंगे. पार्लियामेंट में 19 दिनों में 15 बैठकें होनी हैं. प्राइवेट मेंबर्स बिल 5 और 19 दिसंबर को और प्राइवेट मेंबर्स रेजोल्यूशन 12 दिसंबर को विचार के लिए रखे जाएंगे. |आरजेडी नेता मनोज कुमार झा ने कहा, अधिकतर राजनीतिक चर्चाएं मनगढ़ंत होती है जबकि जनता के बेसिक मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है. मुझे उम्मीद है कि सरकार चुनावों से आगे भी सोचेगी. भारत की जीडीपी ग्रोथ से लेकर एसआईआर टॉपिक तक इन पर बड़े पैमाने पर चर्चा होनी चाहिए, नहीं तो पार्लियामेंट सिर्फ एक म्यूजियम जैसी चीज बनकर रह जाएगी.सीपीआईएम सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा, यह सबसे छोटे सेशन में से एक है. हमें सदन में कई मुद्दे उठाने की जरूरत है क्योंकि इस देश में बहुत सारे मुद्दे हैं. सबसे जरूरी बात एसआईआर का मुद्दा है. लेबर कोड का नोटिफिकेशन जैसे दूसरे मुद्दे भी हैं जो मजदूरों को उनके मुश्किल से मिले अधिकारों से दूर कर देंगे.

## पीएम मोदी ने मन की बात में उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म का किया जिक्र





नयी दिल्ली 30 नवम्बर (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम में उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विंटर टूरिज्म इन दिनों पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। औली, मुनस्यारी, चोपटा और ड्यारा जैसी जगहें तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। मन की बात कार्यक्रम के 128वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्दियां आने के साथ देश में विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों ने विंटर टूरिज्म को अपनी अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना लिया है, जहां स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग, स्नो ट्रेकिंग, आइस क्लाइंबिंग और फैमिली स्नो पार्क जैसे आकर्षण उनकी पहचान बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में भी विंटर टूरिज्म की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। ऊंचे पर्वत, सांस्कृतिक विरासत और एडवेंचर के अनूठे अवसर देश को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिथौरागढ़ जिले में 14 हजार फुट से अधिक की ऊंचाई पर हुई पहली श्हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन का उदाहरण दिया, जिसमें 18 राज्यों के 750 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 60 किलोमीटर लंबी आदि कैलाश परिक्रमा रन का प्रारंभ कड़कड़ाती सर्दी में सुबह 5 बजे हुआ था। इतनी ठंड के बावजूद भी लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। पीएम मोदी ने बताया कि आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों की संख्या दो हजार से बढ़कर अब तीस हजार के पार पहुंच चुकी है।प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि आने वाले हफ्तों में उत्तराखंड में श्विंटर गेम्सश का आयोजन होना है, जिसके लिए देशभर के खिलाड़ी और एडवेंचर प्रेमी उत्साहित हैं। स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग समेत बर्फ पर होने वाले अनेकों खेलों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और होमस्टे नीति पर विशेष ध्यान दिया है।उन्होंने सर्दियों के दौरान श्वेड इन इंडियाश अभियान की बढ़ती लोकप्रियता की बात की। पीएम मोदी ने कहा कि सर्दियों की सुनहरी धूप हो, पहाड़ से उतरते कोहरे की चादर हो, डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पहाड़ भी अब खूब पॉपुलर हो रहे हैं। कई शादियां अब खास तौर पर गंगा जी के किनारे हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्दियों के इन दिनों में हिमालय की वादियां एक ऐसे अनुभव का हिस्सा बन जाती हैं जो जीवन भर साथ रहता है। अगर आप इस सर्दी में कहीं जाने का विचार कर रहे हैं।

## शिवसेना नेता शाइना एनसी ने राहुल-सोनिया के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर पर दी प्रतिक्रिया,





मुंबई 30 नवम्बर (एजेंसी) शिवसेना नेता शाइना एनसी ने नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की एफआईआर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला कोई राजनीतिक साजिश नहीं है। एफआईआर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्तियों से जुड़ी आपराधिक साजिश के बारे में है। शाइना एनसी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून के ऊपर नहीं है, चाहे वह सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी। इस मामले में शामिल आरोपियों के बारे में तहकीकात के बाद पूरा खुलासा होगा। मेरा मानना है कि कानून को अपना काम करने दिया जाना चाहिए।नासिक कुंभ पर शिवसेना-यूबीटी के नेता संजय राउत के सवालों पर शाइना एनसी ने जवाब में कहा, संजय राउत के आरोप बेबुनियाद हैं। प्रयागराज में जो हुआ वह नासिक में नहीं होगा। लोगों को गुमराह न करें। कुंभ में कोई भगदड़, कोई कैजुअल्टी या कोई फंड मिसमैनेजमेंट नहीं होगा। उन्हें नासिक कुंभ को लेकर कोई अफवाह नहीं फैलानी चाहिए। शिवसेना नेता ने कहा कि अगर संजय राउत को आपत्ति है तो वे बताएं कि कहां 1700 पेड़-पौधे कटे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बेबुनियाद आरोप लगाना बंद करें। इसी बीच, शाइना एनसी ने संजय राउत को नासिक कुंभ में जाने और स्नान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मेरी सलाह है कि आप भी नासिक कुंभ में जरूर स्नान करने जाएं और अपने पापों का प्रायश्चित करें। अगर आप अपने पापों को नहीं धोएंगे तो जनता आपको स्वीकार नहीं करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र पर शिवसेना नेता ने कहा कि 10 प्रमुख बिल हैं जिन पर इस शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में चर्चा की जाएगी। हमें उम्मीद है कि विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर काफी चर्चा रही है, लेकिन यह चर्चा संसद के बाहर नहीं, बल्कि संसद के अंदर होनी चाहिए। शाइना एनसी ने महमूद मदनी के उस बयान पर भी जवाब दिया, जिसमें मौलाना ने कहा कि जब भी जुल्म होगा, जिहाद होगाश। शिवसेना नेता ने कहा, मौलाना महमूद मदनी अपने आप को मुस्लिम समाज के ठेकेदार बुलाते हैं उनको समझना चाहिए कि वे क्या बोल रहे हैं। वे लोगों को गुमराह और समाज में बंटवारा करने के लिए गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं।

## हरियाणा के झज्जर पहुंचे सीएम योगी

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर कहा- धर्मांतरण की साजिश से सतर्क रहें




झज्जर 30 नवम्बर (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की कोशिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जेहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ। इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की विजयी ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है। उन्होंने लोगों के सुख-शांति, प्रगति और खुशहाली की कामना की। नशे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ष्सीमा पार से नशे के कारोबार को फैलाने की साजिशें लगातार हो रही हैं। नशा नाश का कारण है और यह समाज की सोचने की क्षमता को नष्ट कर देता है। यदि हम जागरूक नहीं हुए तो भावी पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। योगी आदित्यनाथ ने संतों से आग्रह किया कि हर धार्मिक आयोजन में धर्मांतरण, लव जेहाद और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की जाए। उन्होंने बताया कि नाथ संप्रदाय के योगी पारंपरिक रूप से सारंगी बजाकर गांव-गांव जाकर जनजागरण करते थे, जो समाज को जागृत करने की प्रभावी पद्धति थी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म दुनिया की सबसे प्राचीन परंपरा है, जिसकी साधना और सिद्धांतों ने मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। आदिनाथ भगवान शिव की उपासना उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक भारत की एकात्मता का प्रतीक है। नाथ सिद्धों ने 12 उपपंथों के माध्यम से सनातन की शिक्षाओं को सर्वसुलभ किया है। भंडारे की व्यवस्था और विशाल जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री ने इसे अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि यह आयोजन प्रयागराज महाकुंभ की स्मृति दिलाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने, योग और ध्यान की परंपरा को आगे बढ़ाने और स्वस्थ व सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने वाले हैं। कार्यक्रम में सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ, बाबा पालनाथ और उनके गुरु भाई सहित शिव परिवार एवं बजरंग बली की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस मौके पर बाबा मस्तनाथ पीठ के महंत व विधायक योगी बालक नाथ, महंत नरहरिनाथ, चेताईनाथ, राजनाथ सहित अनेक संत एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लद्दाख के लिए ऐतिहासिक पल, राज निवास का नाम बदलकर लोक निवास किया गया



लेह 30 नवम्बर (एजेंसी) केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में प्रशासनिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। लद्दाख के उपराज्यपाल कार्यालय ने हाल ही में घोषणा की है कि अब से उपराज्यपाल के आधिकारिक आवास और कार्यालय का नाम राज निवास नहीं बल्कि लोक निवास होगा। यह बदलाव लोगों पर केंद्रित शासन और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास के दृष्टिकोण को दर्शाता है। राज निवास लद्दाख के प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यह लेह में स्थित है और यहां से केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासनिक फैसले लिए जाते हैं। सालों से इसे राज निवास कहा जाता था, जिसका अर्थ था उपराज्यपाल का आधिकारिक आवास। लेकिन अब नाम बदलकर लोक निवास कर दिया गया है, जिसका मतलब है कि यह स्थान अब जनता के लिए अधिक खुला और पहुंच योग्य होगा। प्रशासन ने इसे जनता की आवाज और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए किया है। यह बदलाव प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने और अधिक पारदर्शिता लाने का प्रतीक माना जा रहा है। प्रशासन ने यह भी बताया कि यह नाम परिवर्तन लद्दाख के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। लोगों ने लंबे समय से इस बदलाव की उम्मीद की थी, ताकि प्रशासनिक कार्य और जनसंपर्क दोनों ही अधिक सुलभ और पारदर्शी हो सकें। लद्दाख में इससे पहले हाल ही में एक बड़ा प्रोटेस्ट हुआ था, जिसमें कुछ सरकारी संपत्तियों को नुकसान भी पहुंचा था। हालांकि सुरक्षा बलों और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में आ गई थी। इस बदलाव के बाद अब उपराज्यपाल कार्यालय जनता के लिए और अधिक खुले तौर पर प्रशासनिक फैसलों और कार्यक्रमों के संचालन में शामिल होगा। उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया पर तस्वीर और संदेश पोस्ट करते हुए लिखा कि यह निर्णय लद्दाख में सभी नागरिकों की भागीदारी और सरकार की पारदर्शिता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब से राज निवास नहीं, बल्कि लोक निवास लोगों की आवाज, सुविधा और भागीदारी का प्रतीक बनेगा। यह ऐतिहासिक बदलाव प्रशासन और जनता के बीच नए संबंधों की नींव रखेगा और लद्दाख में शासन को और अधिक जन-केंद्रित और पारदर्शी बनाने का प्रयास करेगा।

## चुनाव आयोग ने बढ़ाई वोटर लिस्ट की सफाई की अंतिम तिथि, 14 फरवरी तक होगा पुनरीक्षण



नई दिल्ली 30 नवम्बर (एजेंसी) चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट की श्सफाईश के लिए चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रोग्राम की समय सीमा एक सप्ताह के लिए बढ़ाकर 14 फरवरी कर दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब इस मुद्दे पर कल से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बड़ा हंगामा होने की संभावना है।कब तक के लिए बढ़ी डेडलाइन?

चुनाव आयोग ने अपने तीन पन्नों के आदेश में कहा कि उसने पोल अधिकारियों को वोटरों की ड्राफ्ट लिस्ट पब्लिश करने के लिए एक और सप्ताह का समय दिया है।पहले वोटर लिस्ट की गिनती का काम 4 दिसंबर को खत्म होना था और ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी। अब गिनती 11 दिसंबर को खत्म होगी, ड्राफ्ट लिस्ट 16 दिसंबर को पब्लिश होगी, और फाइनल वोटर लिस्ट 14 फरवरी को जारी होगी।

क्यों बढ़ी डेडलाइन?

तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की थी और ैप् प्रक्रिया को रीशेड्यूल करने की मांग की थी। उन्होंने आयोग से इस काम को बेहतर तरीके से प्लान करने का आग्रह किया था।

यह मांग उन रिपोर्ट्स के बीच आई है कि बूथ लेवल ऑफिसर्स (ठस्व्) पर बहुत ज्यादा दबाव है, क्योंकि उन्हें तंग शेड्यूल में घर-घर जाकर यह बड़ा काम पूरा करना पड़ रहा है।पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से ठस्व् की आत्महत्या की खबरें भी आई हैं। पश्चिम बंगाल में अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं।

कितने नाम हटाए जाएंगे?

म्ब् ने ैप् एक्सरसाइज के तहत ड्राफ्ट लिस्ट से हटाए जाने वाले वोटरों की अनुमानित संख्या को बढ़ा दिया है। न्यूज एजेंसी प्|छे के मुताबिक, यह नया अनुमानित आंकड़ा लगभग 35 लाख है। इस 35 लाख के आंकड़े में, वे 18.70 लाख वोटर्स (जिनकी मौत हो चुकी है), डुप्लीकेट वोटर्स, ऐसे वोटर्स जिनका पता नहीं चल पा रहा है और वे वोटर्स जो हमेशा के लिए अलग-अलग राज्यों में चले गए हैं, शामिल हैं।?

## दित्वाह तूफानः आपदा में मरने वालों की संख्या 153 तक पहुंची, 191 लोग लापता, 8 को बचाया गया



कोलंबो 30 नवम्बर (एजेंसी) श्रीलंका में तूफान दित्वाह की वजह से आई आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 153 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के हवाले से जानकारी दी है कि कम से कम 191 लोग लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन को और तेज कर दिया गया है। न्यूज आउटलेट डेली मिरर के अनुसार भारी बारिश, बाढ़ और लगातार लैंडस्लाइड की वजह से कई जगहों पर आम लोगों की जिंदगी में मुश्किलें खड़ी हो गई है। अभी वहां मौसम खराब है। सरकार की ओर से जारी नए आंकड़ों के अनुसार 25 जिलों के 217,263 परिवारों के 774,724 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही कई इलाके अभी बाढ़, लैंडस्लाइड और लगातार बारिश की चपेट में हैं। डीएमसी ने बताया कि 27,494 परिवारों के 100,898 लोग राहत शिविर में रह रहे हैं। देशभर में 798 शिविर में लोगों को रखा जा रहा है। दूसरी ओर अधिकारी राहत पहुंचाने और बेघर हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। इस आपदा से कुछ जगह संपर्क मार्ग कट गया है। ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने कहा कि श्रीलंका के टेलीकम्युनिकेशन ऑपरेटर नेटवर्क कंजेशन (दूरसंचार ऑपरेटर नेटवर्क की भीड़) को कम करने और प्रतिक्रिया प्रणाली (रिस्पॉन्स सिस्टम) को मजबूत करने के लिए इमरजेंसी कॉल को प्राथमिकता देने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि रविवार से मौसम में सुधार होने की उम्मीद है।वहीं श्रीलंका में आई इस आपदा से निपटने के लिए भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय रेस्क्यू टीम श्रीलंका एयरफोर्स, नेवी, आर्मी, पुलिस और स्थानीय फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स के साथ मिलकर बाढ़ से प्रभावित समुदायों की मदद कर रहे हैं।

## बिहार में जदयू नेता के पिता की पीट-पीटकर हत्या, आरोपियों ने राड और डंडों से किया हमला, गांव में तनाव

बांका 30 नवम्बर (एजेंसी) बिहार के बांका जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां जदयू प्रखंड अध्यक्ष भैरव कुमार मंडल के पिता छेदी मंडल (68) की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि बच्चों के बीच पुरानी रंजिश के चलते यह घटना हुई। घटना के बाद भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार रात बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि मृतक छेदी मंडल अपने गदाल गांव स्थित घर में अकेले थे। इसी दौरान परिजन लगभग 400 मीटर दूर भोज समारोह में गए हुए थे। इस अकेलेपन का फायदा उठाकर लगभग 15 लोग चार पहिया वाहन और छह मोटरसाइकिल पर गांव पहुंचे। आरोपियों ने छेदी मंडल को गाड़ी में जबरन बैठाने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने रॉड और डंडों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल छेदी मंडल को तुरंत बौंसी रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय गांव में शादी समारोह चल रहा था और डीजे की तेज आवाज के कारण मारपीट की आवाज सुनाई नहीं दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा और थाना अध्यक्ष राजरतन सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

# सम्पादकीय

## जेपी नड्डा का उत्तराधिकारी कौन, चर्चा हुई तेज़

बिहार विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का किला ध्वस्त करने के लिए न सिर्फ व्यापक रणनीति बनाई है, बल्कि उसे जमीन पर भी उतराने का काम शुरू कर दिया है। तो वहीं दूसरी ओर बिहार चुनाव के बाद फिर से भाजपा के नए अध्यक्ष की चर्चा शुरू हो गई है। वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पूरा हो चुका और वो एक्सटेंशन पर चल रहे हैं। ऐसे में भाजपा जल्द अपने नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर सकती है। भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। तब से अब तक भाजपा के कुल 11 व्यक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर रहे हैं। कुछ ने एक से अधिक कार्यकाल संभाला है। भाजपा में अध्यक्ष का कार्यकाल सामान्यतः 3 साल का होता है, लेकिन कई बार यह छोटा या लंबा भी रहा है। मै नफीस जाफरी अपनी इस संपादकीय में चर्चा कर रहा हूं कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर अब तक कौन कौन रहा।



नफीस जाफरी


तो विदित हो कि ये वो दौर था जब भाजपा की स्थापना हुई और यह शुरुआती संगठन का दौर था। अटल बिहारी वाजपेयी ने पार्टी को राष्ट्रीय पहचान दी, वे भारतीय जनता पार्टी के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और उन्होंने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की नींव रखी। बाद में अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री बने। उसके बाद लाल कृष्ण आडवाणी सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे। अध्यक्षता के दौरान ही उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन को नेतृत्व दिया, राम रथ यात्रा (1990) के जरियर पार्टी को हिंदुत्व की मुख्य धारा में लाए। 1998 और 1999 के लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाद में उप–प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने। डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने पार्टी में हिंदुत्व की विचारधारा को मजबूत किया। आडवाणी के साथ राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका में रहे। शिक्षा सुधारों जैसे विदेशीकरण का विरोध किया और आरएसएस से जुड़े सिद्धांतों को पार्टी में स्थापित किया। बाद में देश के मानव संसाधन विकास मंत्री बने। कुशा भाऊ ठाकरे ने 1998 के एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित की। ग्रामीण इलाकों में पार्टी का विस्तार और संगठनात्मक विस्तार पर फोकस किया। आरएसएस से लंबे वक्त तक जुड़े होने के कारण पार्टी की जड़ें मजबूत कीं। बंगारू लक्ष्मण दलित समुदाय से पार्टी के पहले अध्यक्ष बने। पार्टी को सामाजिक और बनाने का प्रयास किया। लेकिन एक स्टिंग ऑपरेशन में फंसने की वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। के जना .ष्णमूर्ति ने संगठनात्मक सुधारों पर जोर दिया , पार्टी को मजबूती प्रदान की. दक्षिण में आंध्र प्रदेश में पार्टी मजबूत किया। वेंकैया नायडू ने 2004 चुनाव से पहले एनडीए को एकजुट रखा। संसदीय रणनीति को ठीक से जमीन पर उतारा। नितिन गडकरी पार्टी के सबसे युवा अध्यक्ष बने। बुनियादी ढांचा और आर्थिक नीतियों पर फोकस किया। 2014 चुनाव से पहले पार्टी को पुनर्जीवित किया। बाद में सड़क परिवहन मंत्री। राजनाथ सिंह ने 2014 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को पीएम उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी को युवा और डिजिटल मोड में बदला। इसके बाद वह पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में गृहमंत्री और फिर रक्षा मंत्री बने। अमित शाह के कार्यकाल को भाजपा का स्वर्ण काल कहा जाता है क्यों कि इस दौरान पार्टी राज्यस्तर से लेकर बूथ स्तर तक बेहद मजबूत हुई और पार्टी के कार्यकर्ताओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। पार्टी का विस्तार राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक हुआ। उनके कार्यकाल के दौरान भाजपा ने कई चुनाव जीते जिसमें यूपी का चुनाव और साल 2019 का लोकसभा चुनाव शामिल है जो पार्टी ने बड़े अंतर से जीता। वह 2014 और 2019 के ऐतिहासिक लोकसभा चुनाव जीतें। पार्टी को सबसे बड़ी राजनीतिक मशीन बनाया, राज्य स्तर पर पार्टी का विस्तार किया. बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया पार्टी को केंद्री.त किया। बाद में गृहमंत्री बने। जेपी नड्डा जो कि वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं इनके कार्यकाल में भाजपा ने कई ऐतिहासिक जीत दर्ज की हाल में बिहार चुनाव बड़े अंतर से , 2024 लोकसभा चुनाव , दिल्ली चुनाव , यूपी चुनाव , नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पार्टी का प्रचार किया। नड्डा ने समय–समय पर पार्टी में कई बदलाव भी किए जिससे पार्टी को मजबूत मिलती रही। उनके नेतृत्व में 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चुनाव जीता और 240+ सीटें मिलीं। उन्होंने कोविड–19 के दौरान पार्टी का प्रबंधन संभाला था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को मजबूत किया। नड्डा ने भाजपा को जानो प्रोग्राम की शुरुआत की और युवा मोबिलाइजेशन पर फोकस किया।

## सबसे साधारण काम सोचना सबसे विद्रोही कदम

कभी समय था जब सियासी असहमति का मतलब बहसबाजी थी। तथ्य तौलने के लिए रखे जाते थे। तब तर्कों की कसौटी होती थी, और गर्मागर्म बहस में भी सामने वाले की सोच के प्रति सम्मान होता था। वह समय अब मानों प्रागैतिहासिक काल है। ईमानदारी से सोचना भी अब दुश्मन बनाना है। असहमति मानो युद्ध की घोषणा हो। और यदि कोई व्यक्ति बारिक मनोभाव में बात रखे, न्यूआंस दिखाए तो वह हर पक्ष की नजरों में तुरंत संदिग्ध बन जाता है।मतलब यह कि विचारों की कोई यदि अलग–अलग परतदार दृष्टि रखे तो वह अजनबी हो जाएगा। इसलिए राजनीतिक पहचान में अब या तो काला है या सफेद। जो लिखना या कहना है वह शुद्ध, साफ और दो टूक ढंग से होना चाहिए।इससे सभी तरफ अजीब सा नजारा है। खासकर उन लोगों के लिए जो अब समझ से बाहर है। जिन्हें आप कभी विवेकशील मानते थे। आप यदि कोई संतुलित बात कहते हैं तो वह श्छिपे धोखेश् की तरह पढ़ी जाती है। आप किसी विरोधाभास की ओर संकेत करते हैं तो आपको खेमे बदलने का आरोपी बना दिया जाता है। यह वह मसला है जो धीरे–धीरे थका देता है, जब तक कि आप कम बोलने नहीं लगतेकृडर से नहीं, बल्कि इसलिए कि बातचीत ही बेमतलब हो जाती है। तभी अब संवाद नहीं, दिखावा हैं। तर्क नहीं, भूमिकाएँ हैं ।

एक पक्ष चाहता है आप ऐसा सोचें। और दूसरे खेमे से वही पुरानी बातेरू यह सब चुनाव आयोग का खेल है। महिलाओं के खातों में पैसे डाल दिए। सब धांधली हैकृएक दिन सच सामने आएगा।हाँ, एक दिन सब देखेंगेकृबस उस नाटकीय, सत्य–उजागर करने वाले अंदाज में नहीं। जो हम देखेंगे वह कहीं ज्यादा साधारण और ज्यादा दुखद होगा। देखेंगे कि जब हर कोई अपने–अपने पक्ष की भविष्य की जीत का अनुमान लगाने में व्यस्त था, तब वर्तमान चुपचाप और बेरहम होता चला गया। सो एक दिन कोई रहस्योद्घाटन नहीं, बल्कि आत्म–चिंतन की जगह चुना हुआ एक छलावा, बहाना है।इसके बावजूद श्क्या हो सकता थाश् की लगातार बौछार जारी रहती है। हर हार साजिश में बदल जाती हैय हर जीत अवैध घोषित। विपक्ष के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के बजाय उसे एक स्थायी पीड़ित कथा में बदल दिया जाता हैकृएक ऐसी दुनिया का शिकार जहाँ सब कुछ उसके खिलाफ श्फिक्सश् है। और तब तर्क अचानक दुश्मनी बनाते है इसलिए कि वे तयशुदा कथा में फिट नहीं बैठते।और इसी शोर के बीच कुछ बदलने लगता है। कुछ आवाजेंकृधीमी, अनपेक्षित एक स्वीकारोक्ति। यह कि मोदी अब भी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति हैं। स्वीकारोक्ति कि वैश्विक मंच पर भारत की चमक बढ़ी है। स्वीकारोक्ति कि फिलहाल कोई विपक्षी नेता उनसे टक्कर नहीं ले पाता। स्वीकारोक्ति कि भाजपा का संगठनात्मक विस्तार और सांस्कृतिक पकड़ उसके किसी प्रतिद्वंद्वी से कहीं आगे है। और फिर यह दबी हुई मान्यता कि अगले दशक तक भाजपा शायद अडिग रहे।यह स्वीकारोक्ति है, नई प्रशंसा है, या थकान , निराशा की अभिव्यक्ति? अब सुनने में आता है कि जो लोग कभी अपने को निष्पक्ष मानते थे, वही अब उसी स्वीकृत सूची को दोहरा रहे हैंकृआयोग, ट्रांसफर, धांधली, अनिवार्यता। वे सोचते हैं कि वे कथा का प्रतिरोध कर रहे हैं

# पश्चिम बंगाल में भाजपा ने वोट शेयर बढ़ाने पर किया फ़ोकस



गुलफिशा खान

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद दिल्ली में कांग्रेस की ओर से बुलाई गई समीक्षा बैठक गुरुवार को भारी हंगामे का अखाड़ा बन गई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक की शुरुआत राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही विवादों से हो गई। बिहार के वैशाली से कांग्रेस प्रत्याशी रहे इंजीनियर संजीव और पूर्णिया से चुनाव लड़ने वाले जितेंद्र यादव के बीच तीखी नोकझोंक इस कदर बढ़ गई कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार, इंजीनियर संजीव ने आरोप लगाया कि हाल ही में पार्टी में शामिल हुए 18 नए चेहरों की वजह से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ और अनुभवहीन लोगो..पर टिकट का दांव लगाना पार्टी के लिए घातक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि संगठन की जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर नए लोगों को उम्मीदवार बनाने के चलते कांग्रेस की कई सीटों पर लड़ाई कमजोर हुई। बिहार में कांग्रेस की जो शर्मनाक हार हुई, उसके बाद समीक्षा बैठक में यह तो होना ही था। वहीं जहां तक केन्द्र की एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा का सवाल है तो विदित हो कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बड़ा प्लान तैयार किया है। बिहार चुनाव में सफलता के बाद पार्टी ने राज्य को पांच प्रमुख जोनों में बांटकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति बनाई है। इसके लिए छह राज्यों से 12 वरिष्ठ नेताओं को बंगाल में तैनात किया गया






है, जिनमें छह संगठन मंत्री और छह सहायक नेता या मंत्री शामिल हैं। ये नेता अगले पांच महीनों तक बंगाल में डेरा डालेंगे और टीएमसी के गढ़ों में सेंध लगाने के साथ–साथ वेलफेयर योजनाओं का प्रचार करेंगे। पार्टी का लक्ष्य है कि इस दौरान 75 प्रतिशत बूथ प्रमुखों की बहाली हो जाए और वोट शेयर में कम से कम पांच से सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हो।

केंद्रीय स्तर पर जिम्मेदारी भूपेंद्र यादव को दी गई है, जो बंगाल के लिए मुख्य चुनाव प्रभारी होंगे। उनके साथ पूर्व त्रिपुरा सीएम और लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब सह–प्रभारी के रूप में काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल को पांच जोनों में बांटा है–राढ़बंगा, हावड़ा–हुगली–मेदिनीपुर, उत्तर बंगाल, कोलकाता–दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना। हर जोन में एक संगठन मंत्री और एक वरिष्ठ नेता तैनात किया गया है। उदाहरण के लिए, उत्तर बंगाल की जिम्मेदारी अरुणाचल प्रदेश के संगठन मंत्री नारायण मिश्र को दी गई है, जबकि राढ़बंगा क्षेत्र में पवन साईं और धन सिंह रावत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह हावड़ा में पवन राणा और संजय भाटिया, मेदिनीपुर में यूपी के मंत्री जेपीएस राठौर, और कोलकाता–दक्षिण 24 परगना में हिमाचल के एम. सिद्धार्थन और कर्नाटक के सीटी रवि को तैनात किया गया है। उत्तर बंगाल जोन की निगरानी राजस्थान के पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी करेंगे।

बता दें कि उत्तर बंगाल भाजपा के लिए खास महत्व रखता है क्योंकि यह क्षेत्र राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से लगभग 54 सीटों को कवर करता है। यह नेपाल, भूटान और बांग्लादेश की सीमाओं से सटा हुआ है, जिससे इसका रणनीतिक महत्व बढ़ जाता है। भाजपा ने यहां बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया है। इस जोन में दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार, मालदा, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर जैसे जिले शामिल हैं। इन जिलों में राज्य के कुल वोट शेयर का 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा है। 2021 के चुनाव में भाजपा ने यहां 40 प्रतिशत से अधिक सीटें जीती थीं। पार्टी का लक्ष्य है कि इस बार वोट शेयर को 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 44 से 45 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। भाजपा की पांच महीने की तैनाती नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 तक चलेगी। यह रणनीति बिहार मॉडल पर आधारित है, जिसमें 'ग्राम चालोश जैसे ग्रामीण कार्यक्रम, हिंदू वोट एकीकरण और वेलफेयर योजनाओं का प्रचार शामिल है। दिसंबर से चुनावी जनसभाओं और रैलियों की शुरुआत होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह कैंपेन का नेतृत्व करेंगे।

# नीतीश के बुलडोजर के एक्शन में आते ही गरजे तेजप्रताप यादव



शबाब हुसैन

अपने परिवार और राजद से बगावत कर अपने नेतृत्व में जनशक्ति जनता दल बनाने वाले लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे के बारे में तो चर्चा यहां तक थी कि वे चुनाव के बाद एनडीए में शामिल होंगे। चुनाव के बाद बिहार में एनडीए के नेतृत्व में सरकार तो बन गई, लेकिन तेज प्रताप यादव अपना चुनाव हार गए। वही तेज प्रताप यादव बिहार में नीतीश सरकार के बुलडोजर के एक्शन में आते ही, नीतीश सरकार के खिलाफ मुखर हो गए। विदित हो कि बिहार में नीतीश सरकार अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठा रही है। पटना के बाद अब हाईकोर्ट आदेशानुसार खगड़िया में भी बुलडोजर एक्शन हुआ है। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और लगातार लगने वाले जाम से राहगीरों की परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शहर के सन्हौली ढ़ाला से लेकर टमटम स्टैंड तक एवं बखरी बस स्टैंड में अतिक्रमणकारियों के बीच प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया। इस दौरान जेसीबी से दुकानें अस्थाई दुकानों को हटाया गया. कार्यवाई के समय आरपीएफ भारी मात्रा में तैनात थे। सड़क पर रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती थी। सड़क के दोनों किनारों पर फल–सब्जी के ठेले और अस्थाई दुकानें सजी होने से रास्ता संकरा हो चुका था। जाम के कारण स्कूल–कॉलेज जाने वाले छात्र–छात्राओं, कार्यालय कर्मियों और





मरीजों को समय पर गंतव्य तक पहुंचने में मुश्किल होती थी। कई बार एंबुलेंस तक फंस जाती थी। आए दिन लोग पैदल चलने को मजबूर होते थे, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। बताया जाता है कि सप्ताह में तीन दिन शहर के अलग–अलग पथ पर अतिक्रमणकारियों पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला। वहीं, जिला प्रशासन ने कहा कि, अतिक्रमणकारियों को जानकारी दे दी गयी थी। अतिक्रमणकारियों ने दुकान के साथ कब्जा वाली जगह नहीं हटाया गया, उस पर जिला प्रशासन सख्ती से पेश आई है।

तो वहीं दूसरी ओर यहां यह बताते चलें कि बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी पदभार संभालने के बाद एक्शन में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कानून–व्यवस्था को लेकर अपनी राय सभी के सामने रखी थी। सम्राट चौधरी ने कहा था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लॉ एंड ऑर्डर पर लगातार जो काम किया है, उसे और भी दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही राज्य में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को अपनी बड़ी प्राथमिकता बताया।राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई एनडीए सरकार और गृह मंत्री की कमान संभालते ही डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने ताबड़तोड़ एक्शन लेने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में बुलडोजर एक्शन के साथ–साथ राज्य के अपराधियों पर भी सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। डिप्टी सीएम ने खुद कहा कि 400 अपराधियों की लिस्ट तैयार है। हालांकि अभी राज्य के अलग–अलग जिलों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चल रहा है। इसमें से ज्यादातर लोग गरीब तबके के हैं। जो अपनी झोपड़ी में जैसे–तैसे जीवन जीते हैं। सरकार के इस बुलडोजर एक्शन पर जनशक्ति जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव बुरी तरह भड़के नजर आए। लालू प्रसाद के पुत्र तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट लिखा। जिसमें उन्होंने लिखा– आज बिहार में हजारों की संख्या में गरीब, दलित, वंचित परिवार अपने–अपने घरों के टूटने से पूर्ण रूप से टूट चुका है, उनके आंखों से आंसू निकल रहे हैं लेकिन कोई उनको देखने वाला तक नहीं है। तेज प्रताप ने आगे लिखा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि राज्य में गरीब, दलित और वंचित लोगों के लिए ष्सामाजिक न्याय अब है ही नहीं। इस पोस्ट के साथ तेज प्रताप यादव ने एक पोस्टर भी साझा किया है। इस पोस्टर पर लिखा है– गरीबों के आंखों से निकले आंसू और उनकी बद्दुआ से कोई नहीं बच पाएगा। समय आने पर एक–एक आंसुओं का हिसाब हमारी जनता–जनार्दन जरूर लेने का काम करेगी। इस पोस्ट के जरिए तेज प्रताप यादव ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नवंबर से ठंड की शुरुआत होती है। जो दिसंबर–जनवरी तक रहती है। इस ठंडी में किसी का घर टूटने से उस परिवार पर कितनी बड़ी आपत्ति आएगी, सहज ही समझ सकते हैं। ऐसे में जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप ने नीतीश सरकार से मांग की गरीब–बेबस लोगों का आशियाना तोड़ने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगे।

**कोर्ट ने खासतौर पर सवाल उठाया कि यदि किसी शो या पोस्ट को एंटी–नेशनल माना जाए, तो उसकी जवाबदेही कौन लेगा ? क्या कोई भी व्यि कुछ भी अपलोड कर दे और उसे रोकने तक न तो प्लेटफॉर्म जिम्मेदार हो और न ही कंटेंट निर्माता ?**

# अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ में घृणा

अब वो समय आ गया है जब सोशल मीडिया पर हो रही अश्लीलता घृणा विद्वेष फैलाने वाले कंटेंट पर तत्काल नियंत्रण करने की जरूरत है आज के ग्लोबल डिजिटल युग में सूचना, विचार और अभिव्यक्ति की गति काफी बेहतर हुई है, क्योंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म आज अभिव्यक्ति की आजादी का सबसे बड़ा माध्यम बन चुके हैं। सोशल मीडिया, पर्सनल ब्लॉग, यूट्यूब चैनल, पॉडकास्ट और ओटीटी प्लेटफॉर्म इन सबने हर नागरिक को अपनी आवाज रखने का मंच दिया है लेकिन इसी स्वतंत्रता के साथ चिंताजनक वास्तविकता भी उभरकर सामने आई है, जिसमें अश्लीलता, अपशब्द, गलत जानकारी, एंटी–नेशनल कंटेंट और बिना जिम्मेदारी के फैलाई जाने वाली भ्रामक व संक्रमित सामग्रियां शामिल है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड की गई सामग्री कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है और यदि वह सामग्री राष्ट्र विरोधी, समाज विघातक या बच्चों के लिए हानिकारक हो, तो नुकसान अपूरणीय होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 27 नवम्बर को इसी गंभीर चुनौती पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि अब समय आ गया है कि डिजिटल कंटेंट को रेगुलेट करने के लिए एक स्वायत्त, तटस्थ और निष्पक्ष संस्था का गठन किया जाए, जो न सरकार के प्रभाव में हो और न ही प्लेटफॉर्म्स या व्यक्तिगत क्रिएटर्स के दवाव में। अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की रीढ़ है, लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अधिकार के साथ अन्य नागरिकों, विशेषकर बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों के मौलिक अधिकार भी जुड़े हैं। उनका भी अधिकार है कि उन्हें गलत सूचना, घृणा फैलाने वाले कंटेंट और समाज को बांटने वाली सामग्री से बचाया जाए। देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया कि स्व–नियमन मॉडल नाकाम हो चुका है।

मीडिया संस्थानों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर स्वयं की निगरानी का जो ढांचा बनाया गया था, वह व्यावहारिक रूप से प्रभावी साबित नहीं हुआ। अश्लीलता व अपमानजनक कंटेंट का प्रसार जिस तेजी से होता है, उसके सामने कोई भी कड़ी कार्रवाई देर से होती प्रतीत होती है। अदालत ने कहा कि जब तक गंदा कंटेंट हटाने की प्रक्रिया चलती है, तब तक वह लाखों दर्शकों तक पहुंचकर गहरा असर डाल चुका होता है। हकीकत यह है कि इंटरनेट एक खुला मंच है और इस मंच का उपयोग जितनी तेजी से बढ़ा है, उतनी ही तेजी से इसका दुरुपयोग भी हुआ है। यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर व्यक्तिगत लोकप्रियता और कमाई के लालच में कई कंटेंट क्रिएटर्स ऐसी भाषा और सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं, जो समाज पर गंभीर प्रभाव छोड़ती है। कई लोग अपनी ब्रांडिंग बोल्ड कंटेंट के नाम पर खुले अश्लील मजाक, महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां, धार्मिक या सामाजिक संवेदनाओं को भड़काने वाले वक्तव्य और अपशब्दों को अपनी पहचान बना लेते हैं। इंडियाज गॉट लेटेंट के स्टैंड–अप कॉमेडियन समय रैना के शो का विवाद इसी का उदाहरण है, जहां माता–पिता, महिलाओं और दिव्यांगों पर अभद्र टिप्पणियां की गईं। यह कोई अकेला उदाहरण नहीं है। सोशल मीडिया पर क्लाउट और वायरल होने की होड़ ने डिजिटल संस्कृति में एक प्रकार की नैतिक कमी और संवेदनहीनता पैदा कर दी है। इसका असर समाज के संवेदनशील वर्गों जैसे महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों, बुजुर्गों और यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों पर भी देखने को मिलता है। कोर्ट ने खासतौर पर सवाल उठाया कि यदि किसी शो या पोस्ट को एंटी–नेशनल माना जाए, तो उसकी जवाबदेही कौन लेगा ? क्या कोई भी व्यक्ति कुछ भी अपलोड कर दे और उसे रोकने तक न तो प्लेटफॉर्म जिम्मेदार हो और न ही कंटेंट निर्माता? अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की नींव है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल सही कहा है कि यह आजादी विकृति का कारण नहीं बन सकती। इंटरनेट पर पूर्ण स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि कोई भी व्यक्ति किसी भी भाषा का प्रयोग कर सके। आजादी के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। बच्चों और किशोरों पर प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य पर असर, गलत व्यवहार का सामान्यीकरण ये सब वास्तविक खतरे हैं, जिनसे समाज जूझ रहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सिर्फ 18 प्लस चेतावनी काफी नहीं है। किसी भी व्यक्ति को पता होना चाहिए कि वह क्या देखने जा रहा है। कई बार एक क्लिक का अंतर होता है, और दर्शक बिना चेतावनी के बेहद आपत्तिजनक सामग्री के संपर्क में आ जाते हैं। इसलिए उम्र सत्यापन जैसे उपाय भी अनिवार्य होने चाहिए, चाहे उसका स्वरूप आधार या अन्य डिजिटल वेरिफिकेशन के माध्यम से हो। अदालत ने साफ कहा कि एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसी संस्था न तो सरकार के नियंत्रण में हो और न ही कंटेंट निर्माताओं के प्रभाव में। यह बिल्कुल वैसे ही कार्य करे जैसे प्रेस काउंसिल या ट्राई जैसी संस्थाएं करती हैं, पूरी तरह से पारदर्शी, स्वतंत्र और जवाबदेह। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अब कड़े कानून बनाए, जिनमें एस/एसटी एक्ट जैसी कठोरता हो। यानी अपमानजनक या अश्लील कंटेंट केवल मामूली गलती न मानी जाए, बल्कि कानूनी अपराध की श्रेणी में आए। सरकार ने बताया कि नए दिशा–निर्देश तैयार किए जा रहे हैं और विभिन्न हितधारकों से बातचीत चल रही है। लेकिन अदालत ने 4 हफ्ते की समयसीमा तय कर यह संदेश दिया कि अब समय कम है, और इस प्रक्रिया को तेज करना होगा।

दिव्यांगों पर टिप्पणी के मामले में अदालत ने एक और महत्वपूर्ण बात कही कि सिर्फ सजा या जुर्माना नहीं, बल्कि सकारात्मक सुधार जरूरी है। यही वजह है कि कोर्ट ने समय रैना को उनके शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाने का आदेश दिया। यह निर्णय न्याय के सुधारात्मक मॉडल का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह संदेश केवल एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरी डिजिटल इंडस्ट्री के लिए है कि क्रिएटिविटी और कॉमेडी किसी भी समाज विरोधी या मानव गरिमा को अपमानित करने वाली भाषा की मोहताज नहीं होती। अगर देखा जाए तो सर्वोच्च न्यायालय का यह रुख केवल इंटरनेट पर गंदी भाषा या अश्लील कंटेंट का मुद्दा नहीं है। यह भारत के सामाजिक मूल्यों, नागरिकों की गरिमा, और डिजिटल संस्कृति को दिशा देने का प्रयास है। डिजिटल स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे अधिक महत्वपूर्ण है कि यह स्वतंत्रता जिम्मेदार, सुरक्षित और गरिमापूर्ण हो। एक स्वस्थ लोकतंत्र वही होता है, जहां आलोचना हो, सवाल हों, विवाद हों, लेकिन इन सबके साथ नैतिकता और संवेदनशीलता भी हो। जैसे–जैसे तकनीक आगे बढ़ रही है, समाज और न्यायपालिका दोनों को मिलकर यह तय करना होगा कि किस प्रकार एक ऐसा डिजिटल इकोसिस्टम बनाया जाए जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करे, अभिव्यक्ति को सुरक्षित रखे, लेकिन साथ ही गलत सूचना और अपमानजनक कटेंट को मानवीय क्षति पहुंचाने से रोके। शीर्ष अदालत की राय पर सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि वह आगे आकर सोशल मीडिया पर फैल रही गंदगी को साफ करने के लिए काम करें। (हिफी)

# तमिलनाडु में भी चुनावी रोग

दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु में भी पश्चिम बंगाल के साथ्र ही 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सबसे ज्यादा जोर पश्चिम बंगाल के किले पर भगवा फहराने पर है लेकिन इसके साथ ही तमिलनाडु में भी उसे अपने पैर मजबूत करने हैं। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की सरकार है जिसके साथ कांग्रेस का गठबंधन है। भाजपा ने अखिल भारतीय अन्ना द्रमुक (एआईडीएमके) के साथ समझौता कर रखा है। अन्ना द्रमुक और द्रमुक दोनों में चुनाव से पहले भगदड़ का रोग लग गया है। अन्ना द्रमुक से निकाले गये वरिष्ठ नेता सेंगोट्टैयन तमिल सुपर स्टार विजय की पार्टी तमलागा वेट्टी कझगम अर्थात टीवीके में शामिल हो गये हैं। सेंगोट्टैयन ने पार्टी के सर्वेसर्वा पलानीस्वामी पर तानाशाही का आरोप लगाया था। उधर, सत्तारूढ़ द्रमुक गठबंधन सरकार में भी कांग्रेस को लेकर मतभेद की खबरें आ रही हैं। तमिलनाडु विधानसभा में कुल 234 सीटें हैं। दरअसल कांग्रेस विधायक दल के नेता एस. राजेश कुमार ने गत दिनों बयान दिया था कि कांग्रेस के सहयोग के बिना द्रमुक 2026 में चुनाव नहीं जीत पाएगी। इसी साल अप्रैल में भाजपा और अन्ना द्रमुक में समझौता हुआ था। इसके तहत भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष अन्ना मलाई को पद से हटाया था और पलानी स्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर सहमति बनी थी।

एआईडीएमके से निकाले गए वरिष्ठ नेता और 9 बार के विधायक केए सेंगोट्टैयन ने अपने समर्थकों के साथ तमिल सुपरस्टार विजय के अगुवाई वाली तमिलागा वेट्ट्री कझगम यानी कि टीवीके जॉइन कर लिया। यह फैसला उन्होंने गोबिचेट्टिपालयम के विधायक पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद लिया। सेंगोट्टैयन इरोड जिले में काफी प्रभाव रखते हैं, जहां उन्होंने अपनी होम कांस्टीट्यूएंसी से 9 बार चुनाव जीता है। 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में अब कुछ ही महीने बाकी हैं, ऐसे में उनका टीवीके में शामिल होना इरोड में पार्टी के लिए हवा बदल सकता है। इस्तीफा देने के बाद सेंगोट्टैयन ने टीवीके चीफ विजय से भी मुलाकात की थी। इससे पहले, सेंगोट्टैयन के समर्थक टीवीके ऑफिस के बाहर इकट्ठा हुए थे, ताकि अपने नेता का पार्टी में स्वागत कर सकें। ये समर्थक गोबिचेट्टिपालयम से आए थे और टीवीके के जनरल सेक्रेटरी एन. आनंद ने उनका स्वागत किया। सेंगोट्टैयन ने इसी 26 नवंबर को विधायक पद से इस्तीफा दिया था। अक्टूबर में एआईडीएमके ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया था, क्योंकि उन पर आरोप था कि वे पहले निकाले गए लोगों से संपर्क में थे, जो पार्टी अनुशासन तोड़ने और संगठन की बदनामी का कारण बना।

एआईडीएमके से निकाले जाने के बाद सेंगोट्टैयन ने कहा था कि वे कोर्ट जाएंगे और निकालने के तरीके को चुनौती देंगे। उन्होंने एआईडीएमके जनरल सेक्रेटरी ई. के. पलानीस्वामी पर तानाशाही का आरोप लगाया था। उन्होंने 1 नवंबर को कहा था,



मैं तो पार्टी में आने से पहले ही विधायक था। पार्टी के नियम के मुताबिक, कम से कम मुझे सफाई देने के लिए नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। पलानीस्वामी तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं और पार्टी के नियमों के खिलाफ जाना चिंताजनक है। वहीं, एआईडीएमके के जनरल सेक्रेटरी ई. के. पलानीस्वामी ने सेंगोट्टैयन के टीवीके जॉइन करने पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, सेंगोट्टैयन अब एआईडीएमके में नहीं हैं, इसलिए उनके टीवीके जॉइन करने पर मुझे कुछ कहने की जरूरत नहीं है

